महत्वपूर्ण एवं खास

ट्रेलर की चपेट में आने से छात्र की मौत, परीक्षा देने जा रहा था स्कूल

सक्ती (आरएनएस)। ट्रेलर की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई. मिली जानकारी के मुताबिक, 16 वर्षीय छात्र प्रताप मनहर परीक्षा देने स्कूल जा रहा था, तभी ट्रेलर की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. हादसे के बाद ड्राइवर ट्रेलर छोडक़र मौके से फरार हो गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक छात्र कुर्दा का रहने वाला है, जो ग्राम पिरदा परीक्षा देने जा रहा था. हादसे के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम कर मृतक के परिवार को तत्कालीन सहायता राशि देने की मांग की. पुलिस की काफी समझाइश के बाद चक्काजाम फिलहाल समाप्त हो गया है. अधिकारियों ने मृतक के परिवार को तत्कालीन सहायता राशि 25000 रुपए दी. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस आरोपी ड्राइवर की खोजबीन कर रही है।

सिरफिरे प्रेमी ने घर में घुसकर प्रेमिका को मारा चाकू फिर खुद का गला रेता, दोनों अस्पताल में भर्ती

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में एक सिरफिरे प्रेमी ने सनक में अपनी ही प्रेमिका पर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद प्रेमी ने खुद का गला रेत दिया। दोनों अस्पताल में भर्ती है। दरअसल, यह मामला अर्जुनी पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम खरतुली का है। अर्जुनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना नौ मार्च की रात 10 बजे की है। ग्राम खरतुली के सुरेंद्र सिन्हा चाकू लेकर अपनी कथित प्रेमिका उमा साहू के घर पहुंचा। देखते ही देखते उसने उमा साहू पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। आसपास के लोगों और स्वजनों ने किसी तरह से बचाव किया। इसके बाद युवक ने अपने गले को चाकू से रेत दिया। दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े। ग्रामीणों की मदद से दोनों को धमतरी के अस्पताल पहुंचाया गया। युवती की हालत ज्यादा खराब है, उसे धमतरी के बठेना अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक का उपचार जिला अस्पताल धमतरी में चल रहा है। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों का बयान लिया है।

ऑनलाइन ठगी का मामला, एप इंस्टॉल कराकर खाते से 4 लाख रुपए किए पार

कोरबा (आरएनएस)। ऑनलाइन ठग ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताकर एक महिला के मोबाइल पर एनीडेस्क एप इंस्टॉल कराया, फिर 96 अंक का पासवार्ड हासिल कर खाते से करीब 4 लाख रुपए पार कर दिए। थाना सिविल लाईन अंतर्गत खरमोरा के शांति विहार में ललिता गुप्ता निवासरत है। उनके पति सूरज कुमार गुप्ता सेवानिवृत्त फौजी थे, जिनकी सडक़ हादसे में करीब एक साल पहले मौत हो गई। उनका एजीआई पैसा शहर के एक बैंक में खुले संयुक्त बैंक खाता में था। गुरुवार को ललिता गुप्ता के मोबाइल पर नए नंबर से कॉल आया। सामने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताकर झांसे में लिया। क्रेडिट कार्ड का रिनिवल कराने जानकारी लेकर एनीडेस्क एप को मोबाइल पर इंस्टॉल कराया, फिर 9 अंकों का पासवर्ड हासिल कर उनके खाते से निकाल लिए।

वन विभाग ने जब्त की 10 लाख रूपए मूल्य की अवैध लकड़ी

रायपुर (आरएनएस)। वन विभाग द्वारा आज छापामार कार्रवाई के दौरान सुकमा वनमंडल अंतर्गत 10 लाख रूपए से अधिक मूल्य की अवैध लकड़ी की जब्ती की कार्रवाई की गई। आरोपियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण के तहत कार्रवाई जारी है। मुख्य वनसंरक्षक मो.शाहिद से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान सुकमा के तीन विभिन्न वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नीलावरम तथा आसपास के क्षेत्रों में विभागीय टीम द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। टीम में विभाग के 30 से अधिक कर्मचारियों का सक्रिय योगदान रहा। गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम तथा वनो की सुरक्षा के लिए अभियान लगातार जारी है।

मुख्यमंत्री 21 को विश्व वानिकी दिवस पर करेंगे मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ

- छत्तीसगढ़ में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना
- प्रत्येक जिले में आयोजित होंगे कार्यक्रम
- मुख्य सचिव ने तैयारियां सुनिश्चित करने दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत प्रदेशभर के हर जिले में एक-एक स्थान पर समारोह के रूप में शुभारंभ के कार्यक्रम का आयोजन होगा।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' लागू किए जाने की घोषणा उपरांत इसके क्रियान्वयन की तैयारियां जोरो पर है। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने इस तारतम्य में प्रदेश के समस्त कलेक्टर तथा वनमंडलाधिकारियों को पत्र भेजकर जिले में 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के शुभारंभ कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित आम जनता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' के तहत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमिस्वामी, शासकीय अद्र्ध शासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएं, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ जे सकते है। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही की निजी भूमि में 5 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जाएगा।

राज्य में इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36 हजार एकड़ के मान से कुल 5 वर्षों में एक लाख 80 हजार एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जाएगा। जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सकें। वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढऩे से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी।

पर्यटन बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय और सूचना केन्द्र का शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। बिलासपुर संभाग में पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटन गतिविधियों से जुड़े हुए निजी एवं शासकीय संस्थाओं को पर्यटन से लाभ पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा बिलासपुर में क्षेत्रीय कार्यालय सह पर्यटन सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया गया। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथियों ने प्रताप चौक स्थित राघवेन्द्र भवन में क्षेत्रीय पर्यटक सूचना केंद्र का शुभारंभ किया।

इस मौके पर पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय से बिलासपुर संभाग के मुख्य पर्यटन केंद्रों खूंटाघाट जलाशय, अचानकमार अभ्यारण्य, मल्हार, ताला, रतनपुर, हसदेव बांगों, सतरेंगा, मदकूद्वीप आदि अनेक पर्यटन स्थलों में पर्यटकों के मूलभूत सुविधाओ के विकास के लिए सम्बन्धित विभागों के समन्वय से जल्द कार्यवाही की जाएगी।

इस केन्द्र से सभी प्रकार के पर्यटन सम्बन्धी समस्त जानकारियां प्रदान की जाएगी । साथ ही क्षेत्रीय कार्यालय से बिलासपुर संभाग के भीतर सभी जिलों में पर्यटन गतिविधियों के समन्वय से पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

राज्य में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के कार्य विस्तार के लिए बिलासपुर क्षेत्रीय कार्यालय सह पर्यटक सूचना केन्द्र से प्रदेश भर के पर्यटन मंडल द्वारा संचालित होटल मोटल रिसोर्ट आरक्षण, पर्यटन संबंधी समस्त जानकारी, छत्तीसगढ़ पर्यटन के प्रचार-प्रसार एवं बिलासपुर संभाग के पर्यटन उत्पादों को शामिल कर पर्यटकों को आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल : बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना होगी शुरू

- बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर जाने की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करते हुये बनाई गई पुनर्वास योजना
- मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग बना रहा विस्तृत कार्ययोजना
- छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और आवास के लिए करेगी सहयोग

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के पुनर्वास के लिए इस साल बजट में बड़ा निर्णय लेते हुए उनके लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना प्रारंभ करने की घोषणा की है। यह योजना प्रदेश के बाल गृहों से बाहर जाने वाले बच्चों के भावी जीवन के लिए सही राह दिखाकर उन्हें स्वावलंबन में मदद करेगी। इसके लिए बजट में 01 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही बाल संप्रेक्षण गृह से बाहर जाने की आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करते हुये पुनर्वास योजना बनाई गई है ।

योजना के तहत बाल देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के बालक-बालिकाओं को पुनर्वासित और पुनस्थापित करने के लिए राज्य सरकार सहयोग देगी। पहले पुनर्वास केंद्र से बाहर जाने वाले कई बच्चों के सामने आवास,रोजगार सहित समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर आगे बढऩे में कई तरह की दिक्कतें आती थी। इन परिस्थितियों में कई बार बच्चे अपराध की ओर भी अपने कदम बढ़ा लेते हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन बच्चों के लिए एक संवेदनशील पहल की है। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया के नेतृत्व में बाल गृह से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं को पुनर्वासित और पुनस्थापित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

पुनर्वास योजना में बालक-बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता की व्यवस्था, रोजगार सुनिश्चितता, आवास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि ऐसे युवाओं के व्यावसायिक कौशल विकास की भी व्यवस्था हो, जिससे वे स्वरोजगार से जुडक़र आत्मनिर्भर बन सकें। मुख्यमंत्री बघेल ने देख-रेख संस्थाओं से बाहर जाने वाले बालक-बालिकाओं के लिए योजना में सामुदायिक सामूहिक आवास की व्यवस्था का प्रावधान करने के निर्देश भी दिए हैं।

शेयर मार्केट में लगाकर रकम दुगुना करने के नाम पर लाखों की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। शहर में रकम दुगुना करने के नाम पर लाखों रूपयों की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने शेयर मार्केट में पैसा लगाकर रकम दुगुना करने का झांसा देकर 10 लाख 50 हजार रूपए की ठगी कर ली। मामले मे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार दूबे कालोनी मोवा निवासी रविश जैन ने मोवा थाने मे शिकायत दर्ज करवाई कि अजय डूमोरे नामक व्यक्ति ने उसे शेयर मार्केट में पैसा लगाकर रकम दुगुना करने की स्कीम बतारकर उसके साथ लाखो रूपए की ठगी है। पीडि़त रविश के अनुसार आरोपी अजय ने दिनांक 21 अक्टूबर 2021 से 26 नवंबर 2021 तक उससे शेयर मार्केट में लगाने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में 10 लाख 50 हजार रूपए ले लिये तथा जल्द ही रकम को दुगुना करने की बात कही। किंतु साल भर बाद भी जब पीडि़त रविश का पैसा वापस नही मिला तो रविश ने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे जिसपर आरोपी ने शेयर मार्केट में नुकसान होने की बात कह दी और पैसा वापस देने से मना कर दिया। जिसके बाद पीडि़त रिवश जैन ने मामले की शिकायत मोवा थाने में दर्ज करवाई। मामले में पुलिस ने आरोपी अजय के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

लोरमी के परसवारा जंगल में बाइसन का शिकार

बिलासपुर (आरएनएस)। वन विभाग की तमाम सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी जंगल में शिकार की घटना हो गई। लोरमी समीप परसवारा के जंगल बीट के कक्ष क्रमांक 1535 में शिकारियों के जाल में फंसकर बाइसन की मौत हो गई। घटना के बाद विभाग में हडक़ंप मचा हुआ है। अधिकारी से लेकर कर्मचारी शिकारियों की खोजबीन में जुटे हैं।

होली पर्व में इसी तरह की घटना होने की आशंका रहती है। इसलिए मुख्यालय से स्पष्ट निर्देश था कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी भी सूरत में मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। इसके साथ ही दिन तक विशेष सर्चिंग भी करेंगे। इतने सख्त निर्देश के बावजूद लोरमी में शिकार की घटना हो गई।

होली के दिन एक बाइसन मृत पड़ा मिला। जब किसी ग्रामीण ने इस घटना की जानकारी दी तो विभाग में खलबली मच गई। यह उनकी चूक का नतीजा है कि एक वन्य प्राणी की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही आनन - फानन में सभी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल की जांच में यह भी स्पष्ट हो गया है कि बाइसन को मारा गया है।

हालांकि विभाग यह मान रहा है कि फंदा जंगली सुअर के लिए बिछाया गया था। जिसमें बाइसन फंस गया। घटना स्थल पर ही पशु चिकित्सक बुलाकर पोस्टमाटम कराया गया। इसके बाद अधिकारियों की उपस्थिति में ही अंतिम संस्कार किया गया। जांच अब तक शिकारियों का सुराग नहीं मिला है।

एटीआर के डाग की मदद - लोरमी में हुई इस घटना की जांच में पूरी गंभीरता बरती जा रही है। इसी के तहत वन अमले के अलावा अचानकमार टाइगर रिजर्व के डाग नेरो व सिंबा को लाकर घटना स्थल की जांच कराई गई। हालांकि सुराग मिला यह अभी जांच जारी है।

खूंटाघाट के द्वीप का होगा सौंदर्यीकरण : बगीचा, ग्लास हाउस एवं रेस्टारेंट का किया जाएगा निर्माण

- पर्यटन विकास संबंधी कार्यों का हुआ भूमिपूजन

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में जल पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने आज बिलासपुर जिले के खूंटाघाट जलाशय के (आईलैण्ड) द्वीप में ग्लास हाउस रेस्टोरेंट, पर्यटन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव, छ.ग. टूरिज्म बोर्ड उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने बताया कि खूंटाघाट जलाशय में आईलैण्ड में राष्ट्रीय स्तर के ग्लास हाउस रेस्टोरेंट एवं पब्लिक सुविधाओं का विकास कार्य के लिए छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा राशि रूपये 2.95 करोड़ की स्वीकृति प्रदान किया गया है। यह पर्यटकों के लिए काफी आकर्षक व अद्वितीय होगा। इस ग्लास रेस्टॉरेंट में 50-60 लोगों की एक साथ बैठने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के होने से खूंटाघाट में पर्यटकों की संख्या में काफी वृद्धि होगी साथ ही साथ ग्लास हाउस रेस्टोरेंट से जलाशय के चारों ओर विहंगम दृश्य के अवलोकन पर्यटकों को काफी सुखद अनुभव प्रदान करेगा।

उल्लेखनीय है कि ग्लास हाउस रेस्टोरेंट, पर्यटन विकास का निर्माण कार्य जल संसाधन विभाग बिलासपुर के माध्यम से किया जाएगा। यह निर्माण पूर्णत: इको टूरिज्म के आधार पर होगा। पर्यावरण को संरक्षित करते हुए सभी कार्य किए जायेंगे।

एटीएम में चोरी का प्रयास व बाईक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव (आरएनएस)। शाखा प्रबंधक केनरा बैंक ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि एटीएम में चोरी का प्रयास हुआ है, मौके पर जाकर देखने से एटीएम मशीन, एटीएम के चार सीसीटीव्ही कैमरा, तीन अलार्म सेन्सर तथा केश डिस्पेन्सर असेम्बली क्षतिग्रस्त पाया गया। एटीएम लाकर का भीतरी दरवाजा नही खोल पाने के कारण एटीएम में रखी नगदी रकम सुरक्षित है। उसी दिन एक अन्य घटना में अज्ञात चोर ने नजदीक ही मेनरोड पर स्थित सुंदर ज्वेलर्स के बाहर खड़े पीयूष जैन के मोटर सायकल यामाहा को चोरी कर ले गया। जिसमें प्रार्थी पीयूष जैन की रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 73/23 धारा 379 भादवि दर्ज किया गया था

दोनों घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में एक ही व्यक्ति दिखने से शहर में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरा मैं फुटेज देखने के बाद आरोपी की पहचान की गई। सीसीटीवी के आधार पर आरोपी का लोकेशन जगदलपुर की ओर होने से पुलिस टीम तत्काल जगदलपुर पंहुचकर चोरी के आरोपी आकाश राठौर निवासी अवंतिका विहार को गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया जो बाइक चोरी एवं एटीएम में चोरी के प्रयास की घटना करना स्वीकार किया। आरोपी आकाश राठौर पिता कृष्णा राठौड़, उम्र 25 वर्ष के मेमोरण्डम कथन के आधार पर चोरी हुआ बाईक एवं एटीएम चोरी में प्रयुक्त लोहे का नल पाईप को आरोपी आकाश राठौर के कब्जे से जप्त कर गिरफ्तार आरोपी को शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया गया। संपूर्ण कायर्वाही में निरीक्षक भीमसेन यादव, निरीक्षक प्रहलाद यादव, उप निरीक्षक कैलाश केशरवानी, सहायक उपनिरीक्षक लोकेवर नाग, प्रधान आरक्षक देवार्चन सिदार, अरूण मंडावी, आरक्षक लोकेश सोरी एवं संतोष कोड़ोपी की सराहनीय भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूल बिन्दुओं पर मतान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पीडीएस का राशन चुराने वाले गिरोह के 7 आरोपी कार सहित गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। क्षेत्र में स्थित सोसायटियों से पीडीएस का चावल, शक्कर और चना चोरी करने के मामले में पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 7 आरोपियों सहित 1 स्वीफ्ट कारए 3 पिकअप वाहन, चोरी का चावल व शक्कर बरामद करने में सफलता अर्जित किया है। लगातार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीमों की सराहना की है।

लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर सोसायटी से 13 फरवरी को 95 बोरी पीडीएस चावल की चोरी, 1 मार्च को चौकी खडग़वां क्षेत्र के ग्राम जगरनाथपुर से 174 बोरी पीडीएस चावल, 14 बोरी शक्कर और 28 बोरी चना की चोरी और 3 मार्च को चौकी लटोरी अंतर्गत ग्राम गंगापुर सोसायटी से 196 बोरी चावलए 18 बोरी चना और 10 बोरी शक्कर को सोसायटी का ताला तोडक़र चोरी करने संबंधी रिपोर्ट सोसायटी संचालकों द्वारा करने पर चौकी लटोरी व चौकी खडग़वां में धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी करने थाना जयनगर, चौकी लटोरी व खडग़वां की संयुक्त टीम गठित कर लगाया गया था। पुलिस की टीम ने लटोरी, अंबिकापुर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, कंट्रोल रूम अंबिकापुर व संभावित स्थानों के कई सीसीटीव्ही फुटेज खंगाला और उसका बारीकी से अवलोकन करने पर तीनों घटनाओं में 1 स्वीफ्ट कार और 2 पिकअप वाहनों की संलिप्तता होने पर वाहनों के संबंध में जानकारी निकाली गई। आरोपी सागर द्वारा चोरी के अधिकांश चावल को कुबेरपुर.अंबिकापुर के एक राइस मिल संचालक को बेचना बताया। चोरी की घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 12 एएल 1239, पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 07 एल 2164, पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 07 एल 9836 एवं पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 07 एल 9982 और चोरी का चावल 15 बोरी, शक्कर 21 बोरी को आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया।

पता चला कि मोहम्मद सद्दाम पिता मोहम्मद हनीफ 28 वर्ष निवासी शांतीनगर, टिलडेगा, थाना पत्थलगांव व उसके एक साथी ने मिलकर आसपास की सोसायटी से राशन चोरी का प्लान बनाते हैं, जिनका एक गिरोह है और उनके द्वारा ही उक्त तीनों घटना को अंजाम दिया गया है। इसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर मोहम्मद सद्दाम व उसके साथी पुरुषोत्तम यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, चंद्रभान यादव व प्रफुल्ल एक्का को पकड़ा। चोरी के माल को कैलाश अग्रवाल निवासी चिकनीपानी, बागबहार और सागर उर्फ गोलू जायसवाल निवासी सोहगा को विक्रय करना बताया गया। इसके बाद कैलाश अग्रवाल व सागर उर्फ गोलू को पकड़ा। दोनों ने चोरी के माल को खरीदना स्वीकार किया।